**Q.P. Code: 00005764**

**समय: ३ घंटे** **कुल अंक: १००**

**(कृपया जांचें कि आपको सही प्रश्न पत्र मिला है या नहीं ।)**

**सूचना: (१) सभी प्रश्न अनिवार्य है ।**

**(२) उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक व उपक्रमांक अवश्य लिखे ।**

**प्रश्न १. निम्नलिखित प्रश्नों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।** **(२७)**

**(क)** भली भई जो गुर मिले, नहिं तर होती हानि।
दीपक ज्योति पतंग ज्यौं, पड़ता पुरी जानि ॥

**अथवा**

आजकल लड़ाई का ज़माना है
घर, द्वार, राह और खेत में
अपढ़ - सुपढ़ सभी लोग
लड़ाई की चर्चा करते रहते हैं।

**(ख)** गीता में जो त्रिपिटक - निकाय पढ़ते हैं,
तलवार गला कर जो तकली गढ़ते हैं;
शीतल करते हैं अनल प्रबुद्ध प्रजा का,
शेरों को सिखलाते हैं धर्म अजा का;

**अथवा**

हमें कामना नहीं सुयश - विस्तार की,
फूलों के हारों की, जय - जयकार की।

**(ग)** कितना स्पष्ट होता आगे बढ़ते जाने का मतलब
अगर दसों दिशाएँ हमारे सामने होतीं,
हमारे चारों ओर नहीं।
कितना आसान होता चलते चले जाना
यदि केवल हम चलते होते
बाक़ी सब रुका होता।

**अथवा**

प्रकृति औ' पाखंड के ये घने लिपटे
बँटे, ऐंठे तार -
जिनसे कहीं गहरा, कहीं सच्चा,



XJAYANTOY5378E4XJAYANTOY5378E4XJAYANTOY5378E4XJAYANTOY5378E4

मैं समझता - प्यार,
मेरी अमरता की नहीं देंगे ये दुहाई,
छीन लेगा इन्हें हमसे देह-सा संसार।

**प्रश्न २. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए** **(३६)**

**(च** कबीर के अनुसार जीवन में गुरु के महत्व को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'सरकारी कोयल' कविता की मूल संवेदना लिखिए।

**(छ)** युद्ध से लौटे सैनिकों के मनोभाव पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

'जनता जगी हुई है' कविता का सारांश लिखिए।

**(ज)** 'अबकी बार लौटा तो' कविता का केंद्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'अंतिम ऊंचाई' कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए।

**प्रश्न ३. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर विस्तार में लिखिए।** **(१२)**

**(ट)** सूरदास जी सगुण ब्रह्म की उपासना पर बल क्यों देते हैं?

**अथवा**

**(ठ)** 'समर शेष है' कविता मे प्रस्तुत संदेश।

**अथवा**

**(ड)** 'क्या वह नहीं होगा' कविता का उद्देश्य लिखिए।

**प्रश्न ४. निम्नलिखित टिप्पणियों के उत्तर दीजिए।** **(१५)**

**(त)** सूरदास की भक्ति भावना।

**अथवा**

उदय प्रकाश की कविता 'सरकारी कोयल'।

**(थ)** 'परशुराम की प्रतीक्षा' कविता के प्रथम खंड का उद्देश्य।

**अथवा**

'लोहे का मर्द' कविता का भाव।

**(द)** 'स्पष्टीकरण' कविता की संवेदना।

**अथवा**

'क्या वह नहीं होगा' कविता का केन्द्रीय भाव।



XJAYANTOY5378E4XJAYANTOY5378E4XJAYANTOY5378E4XJAYANTOY5378E4

**प्रश्न ५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।** **(१०)**

१. कबीरदास किस काव्यधारा के कवि हैं?

२. सूरदास का जन्मस्थान कहाँ है?

३. कनक-कनक से कवि का क्या तात्पर्य है?

४. आजकल किसका जमाना है?

५. सरकारी कोयल बिन बुलाए कहाँ जायेगी?

६. ‘लोहे का मर्द’ नामक कविता किसकी है?

७. दुबली-मैली-कुचैली किसे कहा गया है ?

८. हम किसके गुलाम हैं?

९. कवि किसके रहने की बात कर रहा है?

१०. कवि किन्हें आमंत्रित करता है?

*******************



XJAYANTOY5378E4XJAYANTOY5378E4XJAYANTOY5378E4XJAYANTOY5378E4